# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य/प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 20.07.2022

**1-थाना सेक्टर 39 नोएडा पुलिस द्वारा घरों में खाना बनाने का कार्य करते समय चाबी की फोटो खींचकर दूसरी चाबी बनवाकर घरों में चोरी करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 आइपेड एप्पल कम्पनी, 01 थाली (सफेद धातु), 01 कटोरी (सफेद धातु), 05 हाथ के कंगन, 02 पायल (सफेद धातु), 07 ताले की चाबियाँ, 04 साडिया बरामद।**

दिनांक 20.07.2022 को थाना सेक्टर 39 नोएडा पुलिस द्वारा सेक्टरो/घरों में खाना बनाने का काम करते समय घर की चाबी की फोटो खींचकर उसकी दूसरी चाबी बनाकर मौका लगते ही घरो में चोरी करने वाले अभियुक्त अनूप कुमार बनर्जी पुत्र आशीष चन्द्र निवासी ई-236 थर्ड फ्लोर न्यू अशोक नगर वंसुधरा एन्कलेव पूर्वी दिल्ली को अशोक नगर दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 आइपेड एप्पल कम्पनी, 01 थाली (सफेद धातु), 01 कटोरी (सफेद धातु) 05 हाथ के कंगन, 02 पायल (सफेद धातु), 07 ताले की चाबियाँ, 04 साडिया बरामद हुए है।

अभियुक्त नें पूछताछ में बताया कि मै सेक्टरों/घरो में खाना बनाने का काम करता था, जिन घरो में काम करता हूँ उन घरो की चाबी की अपने मोबाइल में फोटो खीचकर दूसरी चाबी बनाकर अंदर प्रवेश कर उसमें रखे सोने चाँदी के जेवरात व कपडे की चोरी करके ले जाता था ।

**अभियुक्त का विवरणः**

अनूप कुमार बैनर्जी पुत्र आशीष चन्द्र निवासी ई-236 थर्ड फ्लोर न्यू अशोक नगर वंसुधरा एन्कलेव पूर्वी दिल्ली

**पंजीकृत अभियोग का विवरणः**

मु0अ0स0 429/2022 धारा 381/411/454 भादवि थाना सेक्टर 39 नोएडा गौतमबुद्धनगर

**बरामदगी का विवरण-**

1. 01 आइपेड एप्पल कम्पनी
2. 01 थाली (सफेद धातु)
3. 01 कटोरी (सफेद धातु)
4. 05 हाथ के कंगन

5. 02 पायल (सफेद धातु)

6. 07 ताले की चाबियाँ

7. 04 साडिया



**2- थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत वांछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार।**

दिनांक 19.07.2022 को थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा थाना इकोटेक-3 पर पंजीकृत मु0अ0सं0 033/2021 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट जिसकी विवेचना थाना सूरजपुर से सम्पादित की जा रही है अभियोग में वाछिंत दो अभियुक्तों 1.शैलेश कुमार पुत्र भुवनेश्वर सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट कुशमाहार थाना अकबरपुर जनपद नवादा बिहार वर्तमान पता जे-368 अर्पण विहार जैतपुर पार्ट-1 शिवम का मकान थाना बदरपुर दिल्ली, 2. अजय उर्फ ओमवीर पुत्र राजवीर निवासी ई-59 बी द्वितीय फ्लौर दयाल बाग थाना सूरजकुण्ड जनपद फरीदाबाद हरियाणा वर्तमान पता 165 अशोक इंक्लेव सेक्टर-35 जनपद फरीदाबाद हरियाणा को कालन्दी कुंज के पास नोएडा जाने वाली रोड से गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्तों द्वारा फर्जी कम्पनी बनाकर खेतो की जमीन पर हाउसिंग सोसाइटी विकसित करना बताकर लोगो के नाम पर फर्जी बैनामा कराते हुए लोगो से रुपये हडपनें का कार्य किया गया है।

**अभियुक्तों का विवरणः**

1.शैलेश कुमार पुत्र भुवनेश्वर सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट कुशमाहार थाना अकबरपुर जनपद नवादा बिहार वर्तमान पता जे-368 अर्पण विहार जैतपुर पार्ट-1 शिवम का मकान थाना बदरपुर दिल्ली।

2.अजय उर्फ ओमवीर पुत्र राजवीर निवासी ई-59 बी द्वितीय फ्लौर दयाल बाग थाना सूरजकुण्ड जनपद फरीदाबाद हरियाणा, हाल पता 165 अशोक इंक्लेव सेक्टर-35 जनपद फरीदाबाद हरियाणा।

**पंजीकृत अभियोग व आपराधिक इतिहास का विवरणः**

<u>अभियुक्त शैलेश कुमार उपरोक्त</u>

1.मु0अ0सं0 639/2019 धारा 420/467/468/471/406/506 भादवि थाना इकोटेक-3 जीबीएन।

2.मु0अ0सं0 640/2019 धारा 420/467/468/471/406/506 भादवि थाना इकोटेक-3 जीबीएन।

3.मु0अ0सं0 675/2019 धारा 420/467/468/471/406 भादवि थाना इकोटेक-3 जीबीएन ।

4.मु0अ0सं0 628/2019 धारा 420/467/468/471/406 भादवि थाना इकोटेक-3 जीबीएन ।

5.मु0अ0सं0 365/2019 धारा 420/467/468/471/406/506 भादवि थाना इकोटेक-3 जीबीएन।

6.मु0अ0सं0 33/2021 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना इकोटेक जीबीएन।

<u>अभियुक्त अजय उर्फ ओमवीर उपरोक्त</u>

1.मु0अ0सं0 639/2019 धारा 420/467/468/471/406/506 भादवि थाना इकोटेक-3 जीबीएन।

2.मु0अ0सं0 640/2019 धारा 420/467/468/471/406/506 भादवि थाना इकोटेक-3 जीबीएन।

3.मु0अ0सं0 675/2019 धारा 420/467/468/471/406 भादवि थाना इकोटेक-3 जीबीएन ।

4.मु0अ0सं0 33/2021 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना इकोटेक-3 जीबीएन।



**#उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप जनपद गौतम बुद्ध नगर में कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस कृत संकल्पित**

**पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने दादरी क्षेत्र मे कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करते हुए कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप कांवड़ यात्रा को जनपद गौतम बुद्ध नगर में सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस विभाग के अधिकारी गण ग्राउंड जीरो पर कार्यवाही सुनिश्चित कर रहे हैं। इस कड़ी में आज पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने स्वयं दादरी में पहुंचकर कांवड़ यात्रा मार्ग का स्थल निरीक्षण किया। पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने अपने भ्रमण के दौरान पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही कावड़ यात्रा को लेकर समस्त तैयारियां सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि कावड़ यात्रा मार्ग पर सभी कावड़ यात्री कुशलतापूर्वक अपनी यात्रा पूर्ण कर सके इस संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा पहले से ही अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जाए ताकि कांवड़ यात्रियों को कांवड़ मार्ग पर किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और सभी यात्री सकुशल अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। उन्होंने मौके पर ही संबंधित एडीएम व एसडीएम निर्देशित किया कि वे नेशनल हाईवे व पेरिफेरल पर रोशनी की व्यवस्था व अन्य मार्गों में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए एनएचएआई से समन्वय कर बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे साथ पुलिस अधिकारियों को कांवड़ मार्ग पर पुलिस सहायता केंद्र स्थापित करने व पुलिस प्रबंध करने के लिए भी निर्देशित किया ताकि जनपद में कावड़ यात्रा सकुशल संपन्न हो सके। पुलिस कमिश्नर के भ्रमण के दौरान ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर लव कुमार तथा अन्य पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी गण तथा अन्य विभागीय अधिकारी गण मौके पर उपस्थित रहे।


CRYSTA

